एनआईआरएफ रैंकिंग में आईआईएम रांची देश के शीर्ष 20 प्रबंधन संस्थानों में शामिल

Published By: Newswrap | हिन्दुस्तान टीम,रांची
Updated: Fri, 12 Jun 2020 11:29 PM

अ+ अ-

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) इंडिया रैंकिंग 2020, में आईआईएम रांची देश के शीर्ष 20 प्रबंधन संस्थानों में शामिल किया गया है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग पांच मापदंडों के आधार पर तैयार की गई - शिक्षण, शिक्षण और संसाधन, अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास, स्नातक आउटकम, आउटरीच और विशिष्टता और धारणा। इस वर्ष, आईआईएम रांची ने प्रबंधन श्रेणी के तहत एनआईआरएफ रैंकिंग 2020 में बीसवां स्थान हासिल किया। संस्थान पिछले साल से आठ रैंक आगे बढ़ गया है। निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सभी संकाय सदस्य, छात्र, कर्मचारी, पूर्व छात्रों को बधाई दी।